राज्यपाल सचिवालय

राजभवन जयपुर

राज्यपाल ने झुंझुनूं में ली जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

जयपुर/झुंझुनूं, 23 फरवरी। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान राज्यपाल ने सखी वन स्टॉप सेंटर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी नरेगा योजना, उद्यम प्रोत्साहन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इन योजनाओं का लाभ आमजन तक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए राज्यपाल ने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के लिए बाजार उपलब्ध करवाने और महिलाओं को "लखपति दीदी" बनाने की दिशा में कार्य करने को कहा। कृषि विभाग के अधिकारियों को किसानों को ग्रीन हाउस और आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए।

राज्यपाल ने आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं की समीक्षा करते हुए पोषण स्तर को बेहतर करने के लिए ठोस कदम उठाने को कहा।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने उचित मूल्य की दुकानें आमजन के नजदीक स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से सैनिकों के पुनर्वास की जानकारी लेते हुए पूर्व सैनिकों की सामाजिक कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा।

देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक - राज्यपाल

जयपुर/झुंझुनू, 23 फरवरी। अंबुजा फाउंडेशन के तत्वावधान में चिड़ावा के भोमपुरा गांव में रविवार को लखपति सखी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इस दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़ ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने में महिलाओं की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के आर्थिक विकास से ही देश आर्थिक रूप से मजबूत बन सकता है।

राज्यपाल बागड़े ने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा, "अब महिलाओं के विमान उड़ाने का समय आ गया है। यदि वे ठान लें, तो कोई कार्य उनके लिए असंभव नहीं है।" उन्होंने महिलाओं से अपने बच्चों को शिक्षित करने, कौशल विकास करने और डेयरी व्यवसाय जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

श्री बागड़े ने विश्वास जताया कि आज की लखपति दीदी आने वाले समय में करोड़पति दीदी बनेगी।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने लखपति दीदियों को प्रशस्ति पत्र और चेक वितरित किए गए।

लखपति सखी सम्मान
“सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए
AXIS BANK LTD
Taslim bano W/O Manjur Ali
Twenty Thousand Only
22022025
919010035634302
₹***20000
FOR : AMBUJA CEMENT FOUNDATION - CHIRAWA
Authorised Signature
"160086" 333211202; 000160" 31

Narotam Sekhsaria Foundation
लखपति सखी सम्मान समारोह
“सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध”
23 फ़रवरी, 2025
सहयोग:-